## Executive Summary

1. SHKM GMC Nalhar Nuh is providing all kinds of Specialized Medical Services (Diagnostics, Medicines, Surgical facilities both minor and major, Dialysis services) to the patients since its inception in the year 2012.The Department is undertaking continuous measures to appoint Doctors and Paramedical Staff in the Medical College.
2. Mewat Area Allowance was admissible to doctors (including Junior Residents and Senior Residents) upto August 2022. The same was given @ 35,000/- to Postgraduate Doctors and @ 15,000/- to Undergraduate Doctors. Since 01/04/2023, Mewat Area Allowance is being given @ 10% of basic pay + dearness allowance to **all regular** employees working at Shaheed Hasan Khan Mewati Government Medical College, Nalhar, Nuh (except to those who have been transferred/deputed or directly recruited in home district Nuh) as per Government order dated 11.05.2023. Junior Residents/Senior Residents is a tenure post and are not covered under regular employees, thus Mewat Area Allowance is not being given to them.
3. Radiographic, Laboratory investigations including Pathological, Biochemical and Microbial investigations and special lab services including- Respiratory lab, Pulmonary Lab, Neurophysiology lab are being provided by SHKM GMC, to the patients. Free medicines are provided to all the patients under Mukhya Mantri Muft Ilaz Yojana. Further, the institute also has Jan Aushadhi Store for disbursal of Generic Medicines to the patients.

**Note for the Pad**

a. SHKM Govt. Medical College, Nalhar, Nuh is 645 bedded tertiary care hospital providing all kind of specialized medical services to the population of Southern Haryana since its inception in the year 2012. The Medical College is running with an annual intake of 120 MBBS seats, 27 MD/MS seats and approximately 34 DNB/Diploma seats.

The status of staff position at SHKMGMC is as under:

| Category | Total Sanctioned Posts | Total filled posts |
|---|---|---|
| Doctors | 160 | 94 |
| Para Medical | 286 | 195<br>(Regular 114<br>Contractual 81)<br>Additional staff recruited through HKRN- 38 |

The Department is in continuous endeavour to appoint Doctors and Paramedical Staff for the Medical College in order to fill up the vacant posts,

- Complete autonomy has been given to Medical Colleges to recruit Senior Residents Doctors at Institute level, interviews for which are held every month. 19 Senior Resident doctors have been appointed at SHKM GMC, since January 2023.
- Full powers have also been delegated to the Institutes to appoint Junior Resident Doctors at their own level as per requirement and vacancies. 132 Junior Resident doctor have been issued appointment at SHKM GMC since January 2023.
- Permission has also been granted to appoint Paramedical Staff through HKRNL as per need.
- The recruitment of Group-C employees in all Government Medical Colleges is also under process with Haryana Staff Selection Commission.
- Government is under process of formulating a policy regarding appointment of doctors in Medical, Dental and Nursing Colleges on contractual basis. Once the policy is notified, the vacant posts of faculty in various Broad and Super specialties can be expeditiously filled on contractual basis in accordance with norms laid down by NMC.

The Medical College hospital has an approximate daily OPD of 1500 and during the year 2022, the annual OPD was approximately 4,16,951 and indoor bed occupancy was approximately 70% with almost 22,265 patients admitted in the year 2022. It is imperative to mention that during the year 2022, approximately 4864 major surgical operations and 29510 minor surgical operations have been performed in the Hospital.

b. Mewat Area Allowance was admissible to doctors (including Junior Residents and Senior Residents) upto August 2022. The same was given @ 35,000/- to Postgraduate Doctors and @ 15,000/- to Undergraduate Doctors. Since 01/04/2023, Mewat Area Allowance is being given @ 10% of basic pay + dearness allowance to **all regular** employees working at Shaheed Hasan Khan Mewati Government Medical College, Nalhar, Nuh (except to those who have been transferred/deputed or directly recruited in home district Nuh) as per Government order dated 11.05.2023.

Junior Residents/Senior Residents is a tenure post and are not covered under regular employees, thus Mewat Area Allowance is not being given to them.

The Doctors appointed on contractual basis are being paid in form of fixed remuneration including Mewat Area Allowance as per Government Notification No. 01/75/2017-1HB-IV dated 02.05.2018 as under:-

| Sr. No. | Designation | Consolidated Salary (Including Mewat Allowances) |
|---|---|---|
| 1 | Professor | Rs. 1,10,000/- Per Month |
| 2 | Associate Professor | Rs. 99,000/- Per Month |
| 3 | Assistant Professor | Rs. 82,000/- Per Month |

The posts of Junior Residents/Senior Residents is a tenure posts and is not covered under regular employees.

c. The Hospital is providing Radiographic and Laboratory investigations including Pathological, Biochemical and Microbial investigations in its central as well as emergency laboratories. *Apart* from, regular laboratory services, the institute also has Respiratory lab, Pulmonary Lab, Neurophysiology lab. A brief detail of the investigations conducted in various Departments in the year 2022 is as under –

| Department | No. of Investigations done in the Year 2022 |
|---|---|
| Department of Pathology | 374144 |
| Department of Microbiology | 85303 |
| Department of Biochemistry | 381600 |
| Department of Radiology | X-rays - 71773 |
| | MRIs - 5768 |
| | CT Scans - 6503 |

Proposal to start Sonographic services through PPP model is also under active consideration. It is also pertinent to mention that in the Department of Radiodiagnosis; one Assistant Professor has been appointed and is likely to join the Medical College soon.

The institute also provides dialysis services through PPP model and in the year 2022 a total of 1458 dialysis have been conducted.

Free medicines are being provided to all the patients under Mukhya Mantri Muft Ilaz Yojana (MMMIY). Under this scheme, the institute, at present is providing 253 types of different drugs. Apart from, MMMIY programme, the institute also has Jan Aushadhi Store for Generic Medicines. Further, under the Ayushmaan Bharat Scheme, free surgical procedures are being provided for the scheme beneficiaries. The Ayushmaan Chirayu Yojana is also being implemented from January, 2023 for free health checkup for the beneficiaries.

# कार्यकारी सारांश

1. एस0एच0के0एम0, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड, नूंह वर्ष 2012 में अपनी स्थापना के बाद से रोगियों को विशिष्ट चिकित्सा सेवाऐं (निदान, दवाऐं, छोटी और बडी सर्जिकल सुविधाएं डायलिसिस सेवाएं) प्रदान कर रहा हैं विभाग मैडिकल कालेजो में डाक्टरों एवं पैरा मैडिकल स्टाफ की नियुक्ति के लिये निरन्तर प्रयास कर रहा हैं।
2. मेवात क्षेत्र भता अगस्त 2022 तक डाक्टरों (जूनियर रेजिडेंटस और सीनियर रेजिडेंटस सहित) के लिये स्वीकार्य था। इसे स्नातकोतर डाक्टरों को @35000/– प्रतिमाह एवं स्नातक डाक्टरों को @15000/– प्रतिमाह दिया जाता था। सरकारी आदेश दिनांक 11.05.2023 के अनुसार, 01.04.2023 से शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड, नूंह में कार्यरत सभी नियमित कर्मचारियों को मेवात क्षेत्र भता मूल वेतन का 10% + मंहगाई भता दिया जा रहा हैं। (उन लोगों को छोडकर जिन्हें गृह जिलें नूंह में स्थानांतरित/प्रतिनियुक्त या सीधे भर्ती किया गया हैं) जूनियर रेजिडेंटस/सीनियर रेजिडेंटस (कार्यकाल का पद/Tenure Posts) है और नियमित कर्मचारियों के अंतर्गत नहीं आता है, इसलिये मेवात क्षेत्र भता उन्हें नहीं दिया जा रहा हैं।
3. शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड, नूंह द्वारा मरीजों को रेडियोग्रफिक, पैथोलोजिकल, बायोकेमिकल और माइक्रोबियल जांच सहित प्रयोगशाला जांच और श्वसन प्रयोगशाला,पल्मोनरी लैब, न्यूरोफिजियोलोजी लैब सहित विशेष प्रयोगशाला सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री मुफ्त इलाज योजना (एम0एम0एम0आई0वाई0) के तहत सभी मरीजों को मुफ्त दवायें उपलब्ध करवाई जाती हैं। इसके अलावा, संस्थान के पास मरीजों को जेनेरिक दवाएं वितरित करने के लिये जन औषधि स्टोर भी हैं।

पैड के लिये नोट

क) एस0एच0के0एम0, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड, नूंह 645 बिस्तरों वाला तृतीयक देखभाल अस्पताल है जो वर्ष 2012 में अपनी स्थापना के बाद से दक्षिणी हरियाणा की आबादी को सभी प्रकार की विशिष्ट चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा हैं। मैडिकल कालेज 120 एम0बी0बी0एस0 सीटों, 27 एम0डी/एम0एस0 सीटों और लगभग 34 डी0एन0बी0/डिप्लोमा सीटों की वार्षिक क्षमता के साथ चल रहा हैं।

एस0एच0के0एम0, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड, नूंह में कर्मचारियों की स्थिति इस प्रकार हैंः–

| श्रेणी | कुल स्वीकृत पद | कुल भरे हुये पद |
|---|---|---|
| डाक्टर | 160 | 94 |
| पैरामैडिकल | 286 | 195 (नियमित 114, अनुबंधित कर्मचारी 81) एच0के0आर0एन0 द्वारा की गइे अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती–38. |

विभाग मैडिकल कालेजो में डाक्टरों एवं पैरा मैडिकल स्टाफ की नियुक्ति के लिये निरन्तर प्रयास कर रहा हैंः–

- मैडिकल कालेजों को संस्थान स्तर पर सीनियर रेजिडेंट डाक्टरों की भर्ती के लिये पूर्ण स्वायतता दी गई है, जिसके लिये हर महीने साक्षात्कार आयोजित किये जाते हैं। जनवरी 2023 से एस0एच0के0एम0, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड, नूंह में 19 वरिष्ठ रेजिडेंट डाक्टरों की नियुक्ति की गई हैं।
- संस्थानों को आवश्यकता और रिक्तियों के अनुसार अपने स्तर पर जूनियर रेजिडेंट डाक्टरों की नियुक्ति के लिये पूर्ण अधिकार भी सौपें गये हैं। जनवरी 2023 से 132 जूनियर रेजिडेंट डाक्टरों की एस0एच0के0एम0, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड, नूंह में नियुक्ति की गई हैं।
- आवश्यकता अनुसार एच0के0आर0एन0एल0 के माध्यम से पैरामैडिकल स्टाफ की नियुक्ति की भी अनुमति दी गई हैं।
- सभी सरकारी मैडिकल कालेजों में ग्रुप–सी कर्मचारियों की भर्ती भी हरियाणा कर्मचाारी चयन आयोग के साथ प्रकियाधीन हैं।
- सरकार मैडिकल, डैंटल और नर्सिंग कालेजों में अनुबंध के आधार पर डाक्टरों की नियुक्ति के संबंध में एक नीति बनाने की प्रक्रिया में हैं। एक बार नीति अधिसूचित हो जाने के बाद, एन0एम0सी0 द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार विभिन्न ब्राड और सुपर स्पेशियलिटी में संकाय के रिक्त पदों को अनुबंध के आधार पर शीघ्रता से भरा जा सकता हैं।

मैडिकल कालेज अस्पताल में लगभग 1500 की दैनिक ओ0पी0डी0 है और वर्ष 2022 के दौरान, वार्षिक ओ0पी0डी0 लगभग 4,16,951 थी और इनडोर बिस्तर अधिभोग लगभग 70% था, जिसमें वर्ष 2022 में लगभग 22,265 रोगियों को *भर्ती* किया गया था। यह उल्लेख करना अनिवार्य है कि इस दौरान वर्ष 2022 में, अस्पताल में लगभग 4864 बडे सर्जिकल आपरेशन और 29510 छोटे सर्जिकल आपरेशन किए गए हैं।

ख) मेवात क्षेत्र भता अगस्त 2022 तक डाक्टरों (जूनियर रेजिडेंटस और सीनियर रेजिडेंटस सहित) के लिये स्वीकार्य था। इसे स्नातकोतर डाक्टरों को @35000/– प्रतिमाह एवं स्नातक डाक्टरों को @15000/– प्रतिमाह दिया जाता था। सरकारी आदेश दिनांक 11.05.2023 के अनुसार, 01.04.2023 से शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड, नूंह में कार्यरत सभी नियमित कर्मचारियों को मेवात क्षेत्र भता मूल वेतन का 10% + मंहगाई भता दिया जा रहा हैं। (उन लोगों को छोडकर जिन्हें गृह जिलें नूंह में स्थानांतरित/प्रतिनियुक्त या सीधे भर्ती किया गया हैं)

जूनियर रेजिडेंटस/सीनियर रेजिडेंटस (कार्यकाल के पद/Tenure post) है और नियमित कर्मचारियों के अंतर्गत नहीं आता है, इसलिये मेवात क्षेत्र भता उन्हें नहीं दिया जा रहा हैं।

संविदा के आधार पर नियुक्त डाक्टरों को सरकारी अधिसूचना संख्या 01/75/2017–1एच0बी0–4 दिनांक 02.05.2018 के अनुसार मेवात क्षेत्र भते सहित निश्चित पारिश्रमिक के रूप में निम्नलिखित भुगतान किया जा रहा हैः–

| कमांक | पद | समेकित वेतन (मेवात भते सहित) |
|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर | रूपये 1,10,000/– मासिक |
| 2. | सह–प्रोफेसर | रूपये 99,000/– मासिक |
| 3. | सहायक प्रोफेसर | रूपये 82,000/– मासिक |

जूनियर रेजिडेंटस/सीनियर रेजिडेंटस एक कार्यकाल के पद है और नियमित कर्मचारियों के अंतर्गत नहीं आते हैं।

ग) अस्पताल अपने केंद्रीय और आपातकालीन प्रयोगशाला में मरीजों को रेडियोग्रफिक, पैथोलोजिकल, बायोकेमिकल और माइक्रोबियल जांच सहित प्रयोगशाला जांच और श्वसन प्रयोगशाला,पल्मोनरी लैब, न्यूरोफिजियोलोजी लैब सहित विशेष प्रयोगशाला सेवाएं प्रदान करता हैं। नियमित प्रयोगशाला सेवाओं के अलावा, संस्थान मे श्वसन प्रयोगशाला , पल्मोनरी लैब, न्यूरोफिजीयोलाजी प्रयोगशालाा भी हैं। वर्ष 2022 में विभिन्न विभागों में की गई जांचो का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैः–

| विभाग | वर्ष 2022 में की गई जांचो के आंकडे |
|---|---|
| पैथोलाजी विभाग | 374144 |
| माइक्रोबायोलाजी विभाग | 85303 |
| बायोकेमेस्ट्री विभाग | 381600 |

| | |
|---|---|
| रेडियोलाजी विभाग | एक्स–रै 717773 |
| | एम0आर0आई0एस0–5768 |
| | सी0टी0 स्कैन– 6503 |

पी0पी0पी0 माडल के माध्यम से सोनाग्रफिक सेवाएं शुरू करने का प्रस्ताव भी सक्रिय रूप से विचाराधीन हैं। यह उल्लेख करना भी प्रासंगिक है कि रेडियोडायग्रेसिस विभाग में, एक सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति कर दी गई है और उसके जल्द ही मैडिकल कालेज में शामिल होने की संभावना हैं।

संस्थान पी0पी0पी0 माडल के माध्यम से डायलिसिस सेवाएं भी प्रदान करता है और वर्ष 2022 में कुल 1458 डायलिसिस आयोजित किये गए हैं।

मुख्यमंत्री मुफ्त इलाज योजना (एम0एम0एम0आई0वाई0) के तहत सभी मरीजों को मुफ्त दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस योजना के तहत संस्थान वर्तमान मे 253 प्रकार की विभिन्न औषधियां उपलब्ध करा रहा हैं। एम0एम0एम0आई0वाई0 कार्यक्रम के अलावा, संस्थान के पास जेनेरिक दवाओं के लिये जन औषधि स्टोर भी हैं। इसके अलावा, आयुष्मान भारत योजना के तहत, योजना के लाभार्थियों के लिये मुफ्त सर्जिकल प्रकियाएं प्रदान की जा रही हैं। लाभार्थियों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच के लिये जनवरी, 2023 से आयुष्मान चिरायु योजना भी लागू की जा रही हैं।